नगर निगम शिमला

हिमाचल प्रदेश

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम शिमला द्वारा रोटरी टॉउन हॉल, दि मॉल शिमला के टेरिस फ्लोर की बुकिंग दिनांक 29.10.2021 से 04.11.2021 तक दीपावली त्योहार के उपलक्ष में खुली बोली द्वारा आंबटित किया जाना है। जिसके लिए व्यवसायियों द्वारा अपने उत्पाद की प्रदर्शनी की जा सकेगी।

अतः इच्छुक व्यवसायियों/व्यक्ति से अनुरोध है कि इस खुली बोली में जो भाग लेना चाहते है, वह इस बारे अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला के कार्यालय में अपना आवेदन दिनांक 26.10.2021 को सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी भी आवेदन पर कोई भी कार्यवाही की जानी अपेक्षित नहीं होगी। निगम की सलग्ंन शर्तो अनुसार खुली बोली की प्रक्रिया दिनांक 27.10.2021 को 3.00 बजे अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम शिमला के कार्य कक्ष में निश्चित की गई है।

अतिरिक्त आयुक्त
नगर निगम शिमला।

सार्वजानिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम शिमला द्वारा दिनांक 27.10.2021 को बाद दोपहर 3.00 बजे रोटरी टैरिस दि मॉल शिमला का आबंटन दिवाली के लिये दिनांक 29.10.2021 से 04.11.2021 तक खुली बोली द्वारा संयुक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता इसमें भाग ले सकते है:-

1. खुली बोली हेतु धरोहर राशि रू0 20,000/- खुली बोली के समय बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी होगी।
2. खुली बोली के लिये आरक्षित राशि रू0 20,000/- होगी।
3. खुली बोली प्रत्येक तिथि के लिये तिथिवार की जायेगी।
4. उच्चतम बोलीदाता को बोली की पूर्ण राशि अग्रिमरूप में निगम कोष में जमा करवानी होगी।
5. धरोहर राशि बोली की राशि में समायोजित की जाएगी।
6. रोटरी टैरिस में किसी भी नुकसान की भरपाई आंबटी/उच्चतम बोलीदाता को करनी हागी।
7. आम जनता व वाहनों की आवाजाही में असुविधा न हो।
8. टैरस पर माईक इत्यादि की अनुमति नहीं होगी।
9. कोविड-19 के मध्यनजर सामाजिक दुरी व मास्क इत्यादि का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

अतिरिक्त आयुक्त,
नगर निगम शिमला।

नगर निगम शिमला।

सार्वजनिक सूचना।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम शिमला की स्टील कार पार्किंग, इन्द्रनगर ढ्ली, शिमला में 10 वाहनों की क्षमता का आंबटन एक वर्ष की अवधि के लिए किया जा रहा है। नगर निगम शिमला द्वारा उक्त पार्किंग के लिए मासिक शुल्क राशि रू0 800/- माल व सेवाकर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कुल राशि रू0 944/- निर्धारित किया गया है। पार्किंग का आंबटन आगामी एक वर्ष के लिए वाहन क्षमता से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण पार्किंग का आंबटन ड्रा-ऑफ लॉट्स के माध्यम से किया जाऐगा। पार्किंग स्थल के लिए स्थानीय इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23.10.2021 सायं 5.00 बजे तक लिखित में पंजीकृत वाहन की छायाप्रति साथ सलग्न करके परिवार का एक ही सदस्य वाहन पार्क करने बारे आवेदन कर सकता है। इसके उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त पार्किंग में कुल 10 वाहनों को पार्क करने की क्षमता है तथा पार्किंग शुल्क राशि रू0 11,328/- वार्षिक दर से एक वर्ष के लिए निगम कोष में जमा करना होगा। पार्किंग में वाहन का रख रखाव व क्षति के लिए वाहन मालिक स्वंय जिम्मेवार होंगें। पार्किंग आंबटन दिनांक 25.10.2021 सायं 3.00 बजे नगर निगम शिमला के कार्यालय में माननीय स्थानीय पार्षद की उपस्थिति में किया जायेगा तथा इच्छुक आवेदनकर्ता भी ड्रॉ ऑफ लॉट्स के समय उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम शिमला की सम्पदा शाखा में दूरभाष न0. 0177-2802779 पर सम्पर्क कर सकते है।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।